वर्ष-3, अंक-5
इन्दौर, शनिवार
7 दिसम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 3 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

**चाणक्य नीति**

'जो धैर्यवान नहीं है उसका न वर्तमान और न ही भविष्य'

मुझे वह दौलत नहीं चाहिए जिसके लिए कठोर यातना सहनी पड़े, या सदाचार करना पड़े, या अपने शत्रु की चापलूसी करनी पड़े।



-चाणक्य

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

# होटल अमलतास का संचालन सिर्फ महिलाओं द्वारा किया जाना मध्यप्रदेश का गौरव : मुख्यमंत्री



**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि होटल अमलतास का संचालन सिर्फ महिलाओं द्वारा किया जाना मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है। यह प्रयास महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में हमारे संकल्प को प्रदर्शित करता है। इस पहल से अन्य राज्य भी प्रेरणा लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पचमढ़ी में महिलाओं द्वारा संचालित पहली होटल ÷एमपीटी अमलतास÷ के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति महिला प्रधान संस्कृति है। हमारे नक्षत्र मंडल और सौर मंडल में भी माता को प्रधानता दी गई हैं। सभी ग्रह पुरुष प्रधान है लेकिन वसुंधरा यानि धरती माता प्रधान है। हम धरती को मां मानकर प्रणाम करते है और आशीर्वाद लेते है। वैसे ही समाज में भी परिवार की धूरी हमारी माता और बहने है। विश्व में 200 से अधिक देश हैं, लेकिन भारत को मां का स्थान दिया गया है। भारत माता बोलते ही जय का उद्घोष स्वतः ही आ जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी मातृ संस्कृति और परंपरा देवी और देवताओं के स्मरण करने में भी झलकती है। माता के बिना किसी भी देवता को याद करना अधूरा माना जाता है जैसे सीता राम, राधा कृष्ण। माता का नाम पहले और देवता का नाम बाद में पुकारा जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सतपुड़ा की गोद में महिला शक्ति को समर्पित इस अनूठे प्रयास के लिए प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने रिमोट का बटन दबाकर होटल अमलतास के संचालन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होटल अमलतास में संचालन के लिए कार्यरत सभी महिलाओं से परिचय प्राप्त कर सम्मान स्वरूप उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। सिक्योरिटी गार्ड माला चौधरी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का महिलाओं को प्रशिक्षण और रोजगार देने की पहल करने पर महिलाओं की ओर से आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सतपुड़ा की पहाड़ियों में बसे हमारे पचमढ़ी में हिमालय और स्विटजरलैण्ड के समान खुशनुमा वातावरण है। पचमढ़ी आकर मन आनंद से भर जाता है। मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष के रूप में पूर्व के कार्यकाल और वर्तमान अनुभव सांझा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी के प्रयासों से मध्यप्रदेश में पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। इस वर्ष लगभग 11 करोड़ पर्यटक प्रदेश में आए है। मध्यप्रदेश पर्यटन के सभी आयाम धार्मिक पर्यटन, ऐतिहासिक धरोहर आधारित पर्यटन, वन्य जीव पर्यटन आदि को अपने में समेटे हुए है। इसलिए देश के साथ साथ विदेशों से भी बड़ी संख्या में पर्यटक मध्यप्रदेश की ओर आकर्षित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के वन्य जीव संपदा में वृद्धि करने और चीता के पुनर्स्थापन के लिए मध्यप्रदेश को चुनने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि गुरुवार को ही कूनो में दो चीतों को जंगल में स्वतंत्र विचरण के लिये छोड़ा गया है। यह चीते नहीं है यह हमारा संकल्प और हमारी हिम्मत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान ने मध्यप्रदेश की धरती को सभी प्रकार का यश प्रदान किया हैं। प्रदेश की धरती सभी संपदाओं से परिपूर्ण हैं। वन संपदा, भूगर्भ संपदा और सबसे बढ़कर मानव संपदा में मध्यप्रदेश परिपूर्ण राज्य है। मानव संपदा ने हर क्षेत्र में प्रदेश का नाम ऊंचा किया है। पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में हमारे गौरवशाली प्रदेश को देश में प्रमुख पर्यटन गंतव्य बनाने के उ?द्देश्य से विभिन्न स्तर पर प्रयास किये जा रहे है। पर्यटन विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिये होटल अमलतास का पूरा संचालन महिला कर्मचारियों द्वारा किये जाने की पहल की है। इसके लिये 23 स्थानीय महिलाओं को प्रशिक्षित कर नियुक्त किया गया है। प्रबंधक, हाउसकीपर, स्वागतकर्ता, किचिन स्टाफ, फूड एण्डक ब्रेवरेजस, माली, चौकीदार, शेफ जैसी जिम्मेदारी भी महिलाओं द्वारा ही निभाई जाएगी। राज्य मंत्री श्री लोधी ने बताया कि पर्यटकों की सुविधाओं में विस्तार करते हुए होटल नीलांबर स्काई लाइन का नवीनीकरण किया गया है। निगम के इस इकाई में 16 लग्जरी कक्ष, बेहतरीन डायनिंग एरिया तथा कक्षों में अटैच्ड मॉडर्न बाथरूम, क्वालिटी फर्निशिंग और एनर्जी एफिशिएंट सिस्टम विकसित किए गए है। इनफिनिटी पूल, शानदार लैण्ड-स्केपिंग, पार्किंग सहित अन्य जनसुविधाएं विकसित की गई हैं। यहां पर्यटकों को हाई एण्ड लग्जरी सुविधाएं उपलब्ध होगी। एक व्यू पॉइंट भी बनाया गया है जहां से पर्यटक पचमढ़ी के विहंगम दृश्यों का आनंद ले सकेंगे। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि सौभाग्य का विषय है कि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में यह नवाचार किया गया है। महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के तहत चयनित 50 पर्यटन स्थलों पर 40 हजार महिलाओं को आत्मरक्षा की और 10 हजार महिलाओं को पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी की स्किल ट्रेनिंग दी जा रही है। इससे महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा और उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। सामाजिक सरोकार की इस दिशा में कार्य करते हुए दिव्यांग जन को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। निकट भविष्य में सिर्फ दिव्यांग बहनों और बंधुओं द्वारा होटल संचालन की पहल की जाएगी। होटल अमलतास के शुभारंभ अवसर पर महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के प्रयासों और उपलब्धियों पर केन्द्रित फिल्म का प्रदर्शन किया गया। साथ ही मां दुर्गा को समर्पित स्थानीय बुंदेली लोकनृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी और विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी, प्रबंध संचालक पर्यटन विकास निगम डॉ. इल्लैयाराजा टी, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा और संबंधित अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहें।

# मप्र के एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के एक ही परिवार के 6 लोगों की सड़क हादसे में जान चली गई। परिवार बोलेरो से उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में अस्थियां विसर्जित करने गया था। लौटते समय ड्राइवर को झपकी आने पर बोलेरो कार ट्रक में घुस गई। हादसा शुक्रवार सुबह उत्तरप्रदेश के चित्रकूट में रैपुरा थाना क्षेत्र में झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर हुआ। बोलेरो में 11 लोग सवार थे।



5 घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया है। बता दें कि रविवार को कामता अहिरवार की कैंसर के चलते मौत हो गई थी। इनकी अस्थियों के विसर्जन के लिए परिवार छतरपुर से प्रयागराज गया हुआ था। हादसे में घायल जमुना अहिरवार की बेटी हेमा ने बताया कि रात में पापा ने कॉल कर बताया था कि सुबह आ जाएंगे। खाना बनाकर रखना। फोन नहीं लगा तो नाना को कॉल किया। कॉल किसी दूसरे ने उठाया तब इस घटना का पता चला।

## 5 गंभीर घायलों को प्रयागराज किया रेफर

हादसे की सूचना पर चित्रकूट के डीएम शिवशरणप्पा और एसपी अरुण सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे। एसपी अरुण सिंह ने बताया कि ट्रक और जीप की टक्कर में छह की मौत हो गई है। पांच घायल जिला अस्पताल में भर्ती हैं, जिन्हें प्रयागराज रेफर किया है। बोलेरो और ट्रक की आमने-सामने से टक्कर हुई। भिड़ंत इतनी तेज थी कि बोलेरो का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया। 5 लोग जो घायल हैं, उनकी हालत बहुत गंभीर है। फिलहाल, वे कुछ बताने की स्थिति में नहीं हैं।

# संसद में सिंघवी की सीट से 50 हजार कैश मिला

**नई दिल्ली (एजेंसी)। राज्यसभा में 500 रुपए का बंडल (50 हजार रुपए) मिलने पर शुक्रवार को राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ।**

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की सीट से नोटों की गड्डी मिली थी। भाजपा ने जांच की मांग की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- जांच से पहले किसी का नाम लेना ठीक नहीं है। धनखड़ ने कहा कि, %कल (गुरुवार) सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने हमें जानकारी दी कि सीट नंबर 222 से कैश मिला है। यह सीट तेलंगाना से सांसद अभिषेक मनु सिंघवी को अलॉट की गई है। इस मामले में नियमों के मुताबिक जांच होनी चाहिए और यह हो भी रही है। धनखड़ के बयान पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, %मैं अनुरोध करता हूं कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती और घटना की प्रामाणिकता स्थापित नहीं होती, तब तक किसी सदस्य का नाम नहीं लिया जाना चाहिए। ऐसा चिल्लर काम करके ही देश को बदनाम किया जा रहा है।

# संपादकीय

## बांग्लादेश के सत्ता संघर्ष में भारत और हिंदू मोहरा बने ?

*बांग्लादेश की पूर्व राष्ट्रपति शेख हसीना को भारत सरकार ने पनाह दे रखी है। जिस तरह से उन्होंने धांधली कर चुनाव जीता था, उसके बाद से ही उनके खिलाफ बांग्लादेश में वातावरण बनने लगा था। रही सही कसर अदानी समूह के साथ बिजली समझौते ने बांग्लादेश की राजनीति और सत्ता संघर्ष को बढ़ाने का काम किया। कहा जाता है, शेख हसीना ने इस समझौते में भारी भ्रष्टाचार करते हुए बिजली का अनुबंध किया था। बांग्लादेश में चुनाव जीतने के लिए जिस तरह से चुनाव कराए गए थे। विपक्षियों को चुनाव में भाग लेने से रोका गया था। उसके बाद से ही शेख हसीना को बांग्लादेश में चारों तरफ से चुनौतियां मिलना शुरू हो गई थी। वह तानाशाही की तरफ बढ़ती चली जा रही थीं। विपक्षियों का दमन किया जा रहा था। महंगाई और बेरोजगारी जैसे मामलों में शेख हसीना सरकार की उपेक्षा के परिणाम स्वरूप छात्र आंदोलन सड़कों पर आ गया। आंदोलनकारी छात्रों के ऊपर गोलियां चलाई गई। इससे माहौल बुरी तरह से बिगड़ गया। एक समय ऐसा भी आया, जब शेख हसीना को अपनी जान बचाकर बांग्लादेश से भागना पड़ा। उन्होंने भारत में शरण ली। भारत में शरण लेने के बाद वह निरंतर यूनुस सरकार पर हमलावर हैं। जिसके कारण बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में तनाव बढ़ता चला जा रहा है। इसका असर बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं और भारत के संबंधों पर पड रहा है। शेख हसीना के समय बांग्लादेश में जिस तरीके का नरसंहार हुआ था। पुलिस और सेना ने आम नागरिकों के ऊपर जिस तरह के अत्याचार किए थे। हाल ही में शेख हसीना ने नरसंहार के लिए उस समय के निर्वासित नेता यूनुस को जिम्मेदार ठहराने वाला बयान दिया है। 4 माह पहले शेख हसीना बांग्लादेश से जान बचाकर भारत में शरण ली है। वह भारत में बैठकर जिस तरीके के बयान लगातार दे रही हैं।*

# भूल जाओ



हंसमुख चेहरा,राह चलते से बतियाने वाली मांगी काकी को ,आज ऐसे चिंता में देखा,तो रहा नहीं गया, पूछ बैठी, काकी कैसे हो? कुछ नहीं बहन जी। क्या कहूं आपसे,? बीते दिनों को याद कर रही थी,पर कोई मतलब नहीं निकला।

मैं सोचने लगी,काकी जहां पांव रखे, वहां से पानी निकाले। फिर यह आज ऐसी बातें क्यों कर रहे हैं? मैं उनके पास बैठ गई। वैसे तो काकी मेरे से उम्र में बहुत बड़े है,लेकिन फिर भी वह अपने मन की हर बात मुझे बता दिया करते हैं।

कहने लगे, बहन जी हमने अभाव वाले दिन देखे हैं।

अपने चार बेटों को मेहनत करके,ईमानदारी से जीना सिखाया।

गांव में जहां तक विद्यालय था ,वहां तक पढ़ा दिया।

फिर खेती के काम में हाथ बटाने लग गए। गांव के कुछ पैसे वाले लोग, जो बाहर रहते थे। उनके साथ तीन बेटे बाहर चले गए और एक थोड़ा भोला था, वह हमारे साथ में यहीं रहता।

समय का चक्र चलता रहा। बच्चे बड़े हो गए लेकिन हमारा ध्यान इस तरफ इतना जल्दी गया ही नहीं,पर यह बात पड़ोसियों को जल्दी पता चल जाती है। कहने लगे कि अब तो बेटों का विवाह कर दो।

अपने दिन तो जैसे तैसे निकाल लिए लेकिन शादी की बात आते ही हम दोनों गहरी चिंता में डूब गए। इतने पैसे कहां से लाएंगे।

काफी सोच विचार के बाद हम दोनों गांव के जमीदार के पास गए और पैसों की व्यवस्था की।

तुम्हारे काका ने खेत गिरवी, यह सोचकर रख दिए कि बच्चे समझदार हो रहे हैं थोड़े दिन बाद सब ठीक हो जाएगा फिर छुड़वा लेंगे। हमने समय पर सही फैसला ले कर तीनों बच्चों की शादी करवा दी।

फिर होना क्या था, वही हुआ जो आजकल चल रहा है? तीनों बेटे एक-एक कर गांव छोड़ शहर में बस गए। भोला रामू हमारे पास रह गया।

पर आज मन बहुत उदास है बहन जी, मैंने कहा, तीनों बच्चे अच्छे हैं ना ?

हां बच्चे, पोते-पोती सब अच्छे हैं। बस समय पर पड़पोते -पोतियों का मुंह देख लूं फिर चली भी जाऊं तो कुछ मन में नहीं रहे।

अरे काकी आप तो उनके बच्चों के भी मुंह देखोगे।

स्वर्ण सीढ़ी चढ़ोगे।

यह सुन काकी के उदास चेहरे पर एकदम हंसी आ गई। बोले, बहन जी,भूल जाओ।

वह दौर ओर था। जब समय पर बच्चों का विवाह हो जाता था।

हमने तो अभाव में रहकर भी बच्चों की शादियां समय पर कर दी,लेकिन अब तीस, पैंतीस तक तो उनकी नींद ही नहीं उड़ती।

राम जाने, उन्हें कौन से पैरों पर खड़ा करना है। जब भी कहती हूं,बेटे यही कहते हैं। इन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने दो।

मैं बेचारी यहां गांव में अड़ोसी पड़ोसी के यहां जब स्वर्ण सीढ़ी का कार्यक्रम होता है तो, मैं भी मन ही मन सोचती हूं,मेरा नंबर कब आएगा? अब लगता है,यह सब तो सपने में ही देखूंगी।

जब भी बच्चों से फोन पर कुछ कहती हूं तो एक ही बात कहते हैं ,मां इसके अलावा कोई दूसरी बात करो । मेरा तो कहना भी उन्हें कांटे की तरह चुभता है,इसलिए बहन जी मैं तो उन्हें सदा खुश रहो का आशीर्वाद देकर ही अपने दिन निकाल रही हूं। और यह रामू मेरे दुःख सुख मैं मेरे साथ है बस इसके कंधे पर चली जाऊं यही बहुत है। काकी को गहराई में जाते देख, मैंने कहा,सच कहूं काकी, स्वर्ण सीढ़ी की बातें अब छोड़ ही देनी चाहिए। आने वाले पीढ़ी तो अपने पौत्रों का मुंह भी नहीं देख पाएगी।



**वीणा वैष्णव रागिनी**
**राजस्थान**

# सच्ची प्रार्थना का फल



विशाल पर्वत की तलहटी में फूलों की वादी थी। हर मौसम जहां रँग-बिरंगे फूल खिले रहते। हरे-भरे पेड़ों की हरी चादर ओढ़े पर्वत पर कभी बादलों का घेरा होता तो कभी सूर्य किरणों की लड़ी।

पर्वत सदियों से अटल, अविचल अपने स्थान पर खड़ा हुआ था। पेड़, पौधे, जन्तु सब समय के साथ काल कलवित होते और नई पीढ़ी उनका स्थान ले लेती। ऊपर किसी स्थान से एक झरना बहता हुआ आकर तलहटी में विशाल रूप ले आसपास के उपवन को सींचता हुआ आगे बढ़ जाता।

वहीं उसके किनारे एक नन्हे से पौधे ने धरती से निकल कर अंगड़ाई ली। धरा के गर्भ के अंधियारे में से निकल उसे बड़ा अचरज हुआ सब देखकर। भिन्न-भिन्न रंग, अलग-अलग पेड़ पौधे और सबसे अलग वो विशाल पर्वत। नन्हे पौधे का मन हुआ की काश कोई तरकीब हो जिससे वो उस ऊंचे पहाड़ की चोटी तक पहुंच जाए। रोज सुबह जब सूरज आता, नन्हे पौधे की यह अभिलाषा और बलवती होती जाती।

समय के साथ वह बड़ा होता गया, उसमें सुंदर सुंदर फूल सजने लगे। उस पौधे को ये नहीं पता था कि उसका जीवन कितना है, कितना ऊंचा वह बढ़ेगा। बस उसकी एक ही कामना थी कि वो उस पर्वत की चोटी पर चढ़कर दुनिया देख ले। जाने कैसे उस पत्थरदिल पर्वत ने उसकी ये कामना जान ली। उसे बड़ा आश्चर्य हुआ, जिस पर्वत की चोटी पर सदियों से कोई फूल नहीं खिला, जहां केवल कठोर चट्टानों का बसेरा है, वही पेड़ वहां जीवित रहते हैं जो मौसम के बदलाव को सहन कर पाते हैं। ऐसे में उस पेड़ की ये इक्छा पर्वत को असम्भव भी लगी और हास्यास्पद भी। लेकिन रोज-रोज उस पौधे की गुहार सुन उस पर्वत का मन पिघला। एक दिन उसने एक पँछी को कहा, वो पँछी नीचे जाकर उस पौधे के फूल के कुछ बीज चुन लाया। और ऊपर एक चट्टान की ओट में बिखेर दिए। ये देख हवा ने थोड़ी मिट्टी उड़ाई और उन बीजों को ढंक दिया। मौसम बदले, बारिश आई।

मिट्टी को नमी मिली तो बीजों से अंकुर फूटे। और धीरे-धीरे वहां ऊंचाई पर पौधे बड़े होने लगे। नीचे उस पौधे की उम्र पूरी होने लगी थी। उस पर फूल आने बंद हो गए थे। पत्ते सूखने लगे थे। बस चंद समय का जीवन शेष था उसका कि एक दिन पर्वत के ऊपर रहने वाले पँछी ने एक फूल लाकर उसके कदमों में रख दिया। कलकल करते झरने ने ये देख किलकारी भरी और उस फूल को अपने आगोश में समेट आगे बढ़ गया। पौधा भी पानी के वेग से झरने में गिर पड़ा।

पर्वत की चोटी पर सदियों बाद फूलों खिले। एक नन्हे पौधे की सच्ची प्रार्थना ने ऊंचे पर्वत की चोटी पर एक फूलों की घाटी बना दी।

**उसंजय मृदुल**


# जंगल का लंबू



**कहानी**

जैसे ही पाचवां पीरियड लगा सातवीं कक्षा की छात्राओं के चेहरे पर प्रसन्नता की लहर दौड़ आई। आज नयी आई टीचर संथामा उन्हें जंगल के जानवर लंबू जिराफ़ के बारे में बताने वाली थी । सभी बेसब्री से प्रतिज्ञा करने लगीं।

थोड़ी देर में मैडम संथामा ने कक्षा में प्रवेश किया। वह अपने साथ एक बड़ा सा चार्ट भी लेकर आई थीं। उन्होंने चार्ट को ब्लैक बोर्ड के ऊपर एक कील से टांक दिया। छात्राएं इसके बारे में जानने के लिए बहुत उत्सुक थीं। मैडम ने कहा आज जो भी छात्राएं जिराफ के बारे में जो कुछ जानना चाहें वे पूछ सकतीं हैं।आपको इसके बारे में बताऊंगी। कक्षा की मॉनिटर विक्की,ने जानना चाहा। मैडम ! यह तो बहुत लंबा जीव दिखाई देता है कितना लंबा कद होगा इसका? तुम ठीक कहती हो, इसकी गिनती पृथ्वी पर पाए जाने वाले विशाल काय जीवों में होती है ।इसकी गर्दन और अगली टांगे अधिक लंबी होती है इस ,,कारण इसका कद ऊंचा है। मैडम इसकी गर्दन और टांगों की लंबाई क्या होगी ? आगे बैठी अनिला ने प्रश्न किया। इसकी गर्दन कोई दस ग्यारह फीट लंबी और अगली टांगे सामान्य से पन्द्रह फीट ऊंची होती है। मैडम इसके ओठ पर यह लंबे बाल क्यों है? सामने आए बालों को पीछे धकेल ती प्रमिला उठी। इसका प्रिय भोजन बबूल है । तुम्हें पता है न बबूल में कितने कांटे होते हैं , यह बाल कांटों में उसकी रक्षा करते हैं। यह जिराफ कहां पर पाया जाता है? सुनीला ने



जानना चाहा। यह प्रायः अफ्रीका महाद्वीप के घास और झाड़ झंझाड़ वाले प्रदेशों में पाया जाता है।

मैडम ! इसका शरीर तो बड़ा शक्तिशाली लगता है, क्या यह भी शेर की तरह मांसाहारी है? दरवाजे के पास बैठी नीलिमा ने पूछा। हां यह भारी वजन वाला और पूर्णतया शाकाकारी होता है। क्या यह भी किसी गुफा में रहता है ?अनुपमा ने पूछा । इस प्रश्न पर मैडम को हंसी आ गई ।अनुपम को बैठने का इशारा करती हुई बोली इतने बड़े जीव के लिए कहां गुफा रहेगी यह तो सगन झाड़ियां की छाया विश्राम करता है। और खड़े-खड़े ही प्रायः अपनी नींद पूरी करता है । पर हां इसका यह मतलब नहीं की। जिराफ कभी लेटता ही नहीं । लेटता कब होगा मैडम ? लवली में जानना चाहा।यह बैठ जाए तो शीघ्रता से उठ नहीं पाता और ऐसी अवस्था का लाभ उठाकर शेर इस पर आक्रमण कर बैठता है । अतः जब इसे अपनी सुरक्षा पर का पूरी तरह विश्वास हो जाए तभी यह आराम से सोता है। क्या शेर भी इससे डरता है ? शैलजा ने पूछा । जिराफ पर एकाएक आक्रमण करने की हिम्मत शेर की नहीं होती , क्योंकि जंगल में आमतौर पर यह अपने साथियों के साथ घूमता रहता है। और हां यह जंगल में राजा के शेर तो अपनी पिछली सात फुट लंबी टांग से जोरदार दुलत्ती झाड़ दे ,तो उसे नानी याद दिला सकता है।। मैडम ! इसके खुर तो बड़े दिखाई दे रहे है। नीलिमा ने प्रश्न किया। इसका खुर करीब एक फीट लंबा होता है जो बीच में से चिरा होता है । यह अपनी लंबी टांगों से दलदली या नरम भूमि पर नहीं चल पाता। कठोर भूमि ही इसके लिए उपयुक्त होती है। और मैडम इसका स्वभाव कैसा होता है ? विक्की ने फिर प्रश्न किया। यह स्वभाव से शंकालू होता है । जब कभी यह पानी पीने जाता है तो अपने चारों ओर बड़े ध्यान से देखता है और जब अपने को सुरक्षित समझता है तभी पानी पीता है। मैडम संथामा ने एक बार पूरी कक्षा की ओर देखा। अब जब कोई छात्रा प्रश्न पूछने नहीं उठी तो स्वयं ने ही कुछ और जानकारी दी। जिराफअपनी प्यास नदी या जल स्रोतों से ही मिटाता है। यह कुछ दिन बिना पानी पिए भी रह सकता है । ऐसे समय में जो कुछ खाद्य सामग्री वह लेता है उसी की तरलता का वह लाभ उठाता है। अंत में इसके जिराफ नाम पर कुछ बताना चाहूंगी। जिराफ शब्द अरबी के जराफा शब्द से बना है जिसका अर्थ है तेज चलने वाला। वह अपनी मजबूत टांगों से लगभग तीस किलोमीटर प्रति घंटा चल सकता है। इस अंतिम जानकारी दिए जाने के साथ ही पीरियड भी बज गया । मैडम जिराफ का चार्ट उतार कर जब जाने लगी तो विक्की ने कहा मैडम आज तो मजा आ गया । और संथामा मैडम मुस्कुराती हुई कक्षा से चली गई।

**दिनेश विजयवर्गीय**
**215 मार्ग 4 रजत कॉलोनी,**
**बूंदी 323001 राजस्थान**
**मोबाइल 94131 28514**

# स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं के लिए पश्चिम क्षेत्र बिजली कंपनी ने दी एक और सुविधा

## विच्छेदित कनेक्शन बिल भरते ही अपने आप जुड़ जाएगा, प्रदेश में सबसे पहले इंदौर से हुई नई सुविधा प्रारंभ

**इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने स्मार्ट मीटर से संबद्ध उपभोक्ताओं को गुरुवार से एक और सुविधा प्रदान की हैं। यदि किसी स्मार्ट मीटर से संबंधित उपभोक्ता का कनेक्शन बकाया बिल राशि तय समय तक जमा नहीं करने पर ऑटोमेटिंक कटता हैं, तो ऑन लाइन, कैशलेस तरीके से बिल भरते ही उसका कनेक्शन कुछ मिनट में ही पुन: जुड़ जाएगा।**



उसे बिजली कार्यालय आने या किसी को फोन करने, जमा रसीद भेजने की आवश्यकता नहीं होगी। मप्र में सबसे पहले इंदौर से स्मार्ट मीटर कन्ज्यूमर ऑटोमेशन प्रक्रिया प्रारंभ होने और नई उपभोक्ता सुविधा प्रदान करने पर ऊर्जामंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई ने कार्मिकों को बधाई दी हैं। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि सबसे पहले ऑटोमेशन की यह सुविधा 2020 से 2024 तक लगे स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को प्रदान की गई है। इसके लिए कंपनी की सूचना प्रौद्योगिकी शाखा, पेमेंट गेटवे सिस्टम और स्मार्ट मीटर परियोजना शाखा को एक दूसरे से रियल टाइम संबंद्ध किया गया हैं। बिजली कंपनी उपभोक्ताओं के नियत तिथि तक बिल राशि जमा करने की सुविधा व राशि जमा करने का संदेश देती है, इसके बाद भी यदि स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं की बकाया राशि जमा नहीं होने पर बिजली ऑटोमेटिक रूप से कटती हैं। तो बिल राशि एवं बिजली कनेक्शन काटने, जोड़ने की राशि सहित कुल बिल मोबाइल/कम्प्यूटर पर दिखेगा। उक्त कुल बिल राशि जमा करते ही कनेक्शन अपने आप जुड़ जाएगा। इस सुविधा के लिए पेमेंट गेटवे से सूचनाएं तुरंत ही बिजली कंपनी की सूचना प्रौद्योगिकी शाखा के पास आएगी, कुछ सेकंड में यह सूचना अपने आप स्मार्ट मीटर परियोजना के सर्वर तक पहुंच जाएगी , फिर कनेक्शन अपने आप जुड़ जाएगा। प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि पहले चरण में यह सुविधा 2020 से 2024 के बीच लगे 7.25 लाख स्मार्ट मीटर से संबद्ध उपभोक्ताओं को दी गई है। इस अवधि के पहले के स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को भी यह सुविधा प्रदान करने के लिए विभागीय तौर पर कार्य किया जा रहा हैं। कंपनी की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने ऑटोमेशन कार्य के लिए सूचना प्रौद्योगिकी शाखा और स्मार्ट मीटर शाखा की टीम को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत से ही उपभोक्ताओं को सौगात दी जा सकी हैं।

### समय पर बिल राशि भरने की अपील

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा कि शासन के आदेशानुसार कृषि क्षेत्र के लिए दस घंटे एवं अन्य सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति व्यवस्था प्रभावी हैं। ऐसे में उपभोक्ता बकाया बिजली बिल समय पर जमा करे, कैशलेस बिजली बिल जमा करने पर नियामक आयोग के आदेशानुसार प्रति बिल छूट दी जाती है। वहीं राशि जमा नहीं करने पर अधिभार लगता हैं एवं कनेक्शन काटने, जोड़ने की राशि वसूल की जाती हैं।

# सावधानी व सतर्कता के साथ ही करना होगा डिजिटल टेक्नोलॉजी का उपयोग

इंदौर (मनीष शर्मा)। साइबर क्रिमिनल्स, फ्रॉड करने के लिए नई-नई तकनीकों का दुरुपयोग कर रहे है ऐसे में हमे पूर्ण सावधानी व सतर्कता के साथ ही डिजिटल टेक्नोलॉजी का उपयोग करना होगा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से, पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर, पुलिस टीम के साथ shri G.S. institute of technology and science इंदौर में पहुंचकर वहां के स्टूडेंटस को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। सायबर अवेयरनेस के तहत SGSITS इंदौर के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में एडीशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने,



अपनी 337 वीं कार्यशाला में करीब 200 स्टूडेंट्स को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रकारों और इनसे बचने के तरीकों को बताते हुए, पुलिस के पास आने वाली साइबर अपराधों की केस स्टडी के माध्यम से विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड तथा सोशल मीडिया आदि द्वारा किए जाने वाले क्राइम के बारे में जानकारी देते हुए साइबर अपराध होने पर हेल्पलाइन- 1930, cybercime.gov.in तथा इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 7049124445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें तथा पुलिस इन पर किस प्रकार कार्यवाही करती है और साइबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में व्यवहारिक ज्ञान दिया। उन्होंने बताया कि, वर्तमान में वर्चुअल वर्ल्ड की विभिन्न नई नई तकनीकों के साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दुरुपयोग करके भी साइबर क्रिमिनल्स नित नए तरीको से अपराध कर रहे हैं। अतः इनसे बचने के लिए जागरूकता के साथ पूर्ण सावधानी व सतर्कता से नई टेक्नोलॉजी व ऐप्प आदि के उपयोग करना चाहिए। उन्होंने सभी से कहा कि, आप तो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम करने वाले देश के भविष्य हो तो आपको इस दिन प्रतिदिन बदलने वाली तकनीकी दुनिया और डिजिटल लाइफ को सुरक्षित रखने हेतु और ज्यादा सतर्क व जागरूक रहना रहना जरूरी है, तभी आप स्वयं और दूसरों को भी इन खतरों से बचा पाएंगे। इस अवसर पर संस्थान के स्टूडेंटस, सहित फैकल्टी, एडमिनिस्ट्रेशन स्टाफ भी उपस्थित रहा, जिन्होनें भी साइबर सुरक्षा की बारिकियों को समझा और पुलिस के इस जागरूकता अभियान की प्रशंसा की।




# डॉ. रीटा नकवाल को औद्योगिक इंजीनियरिंग और प्रबंधन में पीएचडी

**इन्दौर। यह एक शानदार उपलब्धि है। प्रो. (डॉ.) रीटा नकवाल को औद्योगिक इंजीनियरिंग और प्रबंधन में पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई ,सफलता अकेले की नहीं होती, बल्कि यह हमारे परिवार, मित्रों और समर्थकों के सहयोग से प्राप्त होती है।**

उनके शोध का विषय, ÷परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट ऑफ सर्कुलर सप्लाई चेन यूजिंग इंडस्ट्री 4.0 एप्लीकेशन फॉर स्मॉल मीडियम एंटरप्राइजेज, बहुत ही प्रासंगिक और महत्वपूर्ण है। प्रो. (डॉ.) रवींद्र पाठोले और प्रो. (डॉ.) कुमार रोनित के मार्गदर्शन में उनकी मेहनत और समर्पण को सलाम । वाल्मीकि समाज - रोशनी हलह परिवार ब्रह्मलीन मनोज ज्योति धौलपूरे एडवोकेट शुभम संस्था दिव्य पूजा धौलपुरे संस्था अध्यक्ष ऋतु सन्नी पथरोड़, भाई रोशन अर्पण करफी ने बधाई दी।

# हम सनातनी हिंदू हैं गीत ने मचाई धूम, इन्दौर में आयोजित आक्रोश रैली में हुआ लॉन्च

**इन्दौर** ।प्रसिद्ध गायक दिलीप अवस्थी द्वारा रचित और संगीतबद्ध किया गया गीत हम सनातनी हिंदू हैं सर्व हिन्दू समाज द्वारा इन्दौर में आयोजित आक्रोश रैली में लांच हुआ। गीत ने रैली में मौजूद हजारों लोगों को झूमने पर मजबूर कर उनमें एक अलग ही जोश भर दिया। हिंदू है हम एक है के नारे के साथ आयोजित रैली में गीत के लॉन्च होने के साथ ही माहौल और भी उत्साहित हो गया। गीत के बोलों में हिंदू धर्म की मूल्यों और परंपराओं को बहुत ही खूबसूरती से दर्शाया गया है। इस अवसर पर दिलीप अवस्थी ने कहा, मुझे इस गीत को रचने और संगीतबद्ध करने का मौका मिलना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। मेरा मानना है कि यह गीत हिंदू समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देगा। रैली में मौजूद लोगों ने भी गीत को बहुत सराहा जिसके बाद यह गीत सोशल साइट्स पर भी लगातार शेयर किया जाने लगा। गीत लांचिंग पर हिंदू जागरण मंच के आलोक राठौर , पवन सोनी , नीता शर्मा ने कहा, हमारे देश की संस्कृति और परंपराओं को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। यह गीत हमें हमारी जड़ों से जोड़ने का काम करेगा।

# मनमोहन सरकार ने पहला निर्णय ध्वनि विस्तार यंत्रों को नियंत्रित करने का निर्णय लिया था

## शहर में ध्वनि विस्तारक यंत्रों से की जा रही तेज आवाज, प्रशासन के पास मापक यंत्र तक नहीं

**पीथमपुर।** बाजार हो या आवासीय कॉलोनी, मैरिज गार्डन हो या धार्मिक स्थल हर तरफ कानफोड़ू शोर किया जा रहा है। कहीं डीजे से तो कुछ जगहों पर माइक व लाउड स्पीकर से शोर किया जा रहा है। चिंतनीय ये है कि शासन के आदेश उपरांत भी जिम्मेदार अनदेखी किए हुए हैं। कार्रवाई हो भी तो कैसे नपा प्रशासन के पास शोर की तीव्रता मापने वाला यंत्र तक नहीं है। इसी दिसंबर माह में कक्षा 9वीं एवं 12वीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं। इसके अलावा हाईस्कूल व हायर सेकंडरी बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं की छात्र, छात्राएं तैयारी भी कर रहे हैं। लेकिन कानफोड़ शोर उन्हें पढ़ाई से विचलित कर रहा है। इसके अलावा उन्हें बहरेपन से ग्रसित होने की आशंका भी घेरने लगी है। छात्रों को डर है कि इसी गति से शहर में शोर होता रहा तो उनके परीक्षा परिणाम प्रभावित होने के साथ-साथ वे बहरेपन का शिकार भी हो सकते हैं। कानफोड़ शोर को रोकने वाला विभाग ही ध्वनी प्रदूषण नियंत्रण को लेकर संजीदा नजर नहीं आ रहा। डॉ. मनमोहन यादव की सरकार ने सबसे पहला निर्णय ध्वनी विस्तार यंत्रों की तीव्रता नियंत्रित करने का निर्णय लिया था। कुछ दिनों तक इसका पालन भी किया गया। धार्मिक स्थलों से कान फाड़ू माइक हटाए भी गए। कुछ समय शोर से शांति मिली। लेकिन कुछ समय गुजरने के बाद स्थित पहले से भी अधिक बदतर हो गई है। चहुंओर हो रहे शोर पर रोक लगाने के लिए जिम्मेदार अब जहमत नहीं उठा रहे हैं। इसको लेकर उदासीनता ऐसी है कि शोर मापक यंत्र तक नहीं मंगाया गया है। ऐसे में शोर करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई भी किस आधार पर करें। ध्वनी प्रदूषण अधिनियम में संशोधन 2010 के अनुसार वाणिज्य क्षेत्र उसे माना गया है जहां भीड़ अधिक हो। अस्पताल, न्यायालय, कलेक्ट्रेट आदि जगहों को शांत क्षेत्र माना गया है। एक्सपर्ट व्यू ज्यादा शोर कानों के लिए खतरा उत्पन्न करता है। लगातार तेज ध्वनि से हाईब्लड प्रेसर, हार्टअटैक, नींद नहीं आने की बीमारी, चिड़चिड़ापन तथा कान में ईयरिंग लॉस की शिकायत उत्पन्न हो जाती है। लोग बहरेपन का शिकार हो जाते हैं। ज्यादा दिनों तक तेज ध्वनि श्रवण शक्ति को क्षीण कर सकती है। ऐसे में कोशिश ये होनी चाहिए कि व्यक्ति शांत वातावरण में रहकर दिनचार्य बिताए। खासतौर पर रात के समय शोर से बचना आवश्यक है। 45 डिसिबल तक ध्वनि नुकसानदायक नहीं होती।






# जिला भाजपा के नवीन कार्यालय का भूमि पूजन 10 दिसंबर को होगा

## मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, संगठन महामंत्री, उपमुख्यमंत्री , जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में होगा भूमि पूजन

**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी जिला मंदसौर के नवीन कार्यालय का भूमि पूजन दिनांक 10 दिसंबर मंगलवार को प्रातः 11:30 बजे हॉकी मैदान के सामने बायपास पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के करकमलों से एवं सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, विधायक गण हरदीप सिंह डंग, चन्दरसिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार सहित पूर्व विधायक गण, पूर्व जिलाध्यक्ष गण की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में को लेकर आज भाजपा की आवश्यक बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय मंदसौर पर सम्पन्न हुई।

बैठक में सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, पूर्व विधायक राधेश्याम पाटीदार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गण अनिल कियावत, , , पिछडा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, मंचस्थ थे। बैठक में नवीन भाजपा कार्यालय के भूमि पुजन कार्यक्रम की कार्ययोजना संबंधी दिशा निर्देश देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा कि यह हम सभी कार्यकर्ताओं के लिये बडे हर्ष की बात है की हमारे नवीन कार्यालय भवन का स्वप्न अब साकार होने जा रहा है। हमें इस भूमि पूजन कार्यक्रम को भावनात्मक रूप से लेते हुए प्रत्येक मंडल से हजारों की संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्येक बूथ की नवीन कार्यकारिणी को कार्यक्रम स्थल पर लाना है। भाजपा का प्रत्येक मंडल अध्यक्ष, प्रत्येक जनप्रतिनिधि, प्रत्येक पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी की स्थापना के पूर्व से निष्ठा के साथ विचार रखने वाले वरिष्ठ जनों की उपस्थिति इस भूमि पूजन कार्यक्रम में सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर संगठन पर्व अंतर्गत जिला संगठन चुनाव सह प्रभारी मानसिंह माछौपुरीया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की यह भूमि पूजन कार्यक्रम हम सभी के लिये गर्व की बात है। कई वर्षो से हम सब इस दिन की प्रतिक्षा कर रहे थे, मैं इस पुनीत कार्य के लिये भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया को बहुत-बहुत साधुवाद देता हुँ। इस अवसर पर मानसिंह माछौपुरीया द्वारा विगत दिवस उज्जैन में सम्पन्न हुई संगठन पर्व की बैठक के प्रमुख बिंदुओं से समस्त पदाधिकारी एंव कार्यकर्ताओं को अवगत करवाया।

भूमि पूजन कार्यक्रम में संख्यात्मक रूप से भाजपा जिला महामंत्री गणपत सिंह आंजना ने जिले के प्रत्येक मंडल अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों से वृत्त लिया और अधिक से अधिक संख्या में अपने-अपने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया। बैठक का संचालन भाजपा जिला महामंत्री गणपत सिंह आंजना ने किया एवं आभार जिला महामंत्री राजेश दीक्षित ने माना। इस आवश्यक बैठक में भाजपा पदाधिकारीगण शिवराज सिंह राणा, राजेश पालीवाल, राजेश नामदेव, संजय मुरडिया, हितेश शुक्ला, राजु चावला, राजकुमार गुप्ता, दिलीप सिंह तरनोद, अंकित सोनी, निलेश जैन, , मनुप्रिया यादव, रमादेवी गुर्जर, विकास सुराना, अरविंद सारस्वत, ईश्वर सिंह पंवार सहित मोर्चा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक गण, जनपद अध्यक्ष गण, नगर परिषद अध्यक्ष गण उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

## जनसहयोग से बोरीबधांन कर जल संरक्षण में निभाई अहम भूमिका

**नाहरगढ़ (मंदसौर)।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति द्वारा कयामपुर सेक्टर क्रमांक 1 की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नाटाराम द्वारा जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी के निर्देशन एवं विकासखंड समन्वयक नारायणसिंह निनामा की विशेष उपस्थिति में बोरीबंधान किया गया। जिसमें डॉक्टर दिलीप पाटीदार ने बताया कि वर्षो से जन सहयोग से यहां मिट्टी डालकर बोरीबंधान कर जल संरक्षण किया जा रहा है । जिससे पशु पक्षियों को पानी पीने में भी आसानी रहती हैं । साथ ही भूमिगत जल संरक्षण भी अधिक से अधिक मात्रा में होता है । नहर का पानी आने बोरीबंधान के स्थान पर कृषीं भुमी की सिंचाई भी की जाती है। जिससे भी किसानों को फायदा मिलता है। नवांकुर संस्था नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति द्वारा किए गए बोरी बनाने में विशेष रूप से परामर्शदाता हेमंत गौड, हरिओम गंधर्व एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नाटाराम के उपाध्यक्ष बापूलाल जाट, दिलीप पाटीदार, घनश्याम पाटीदार ,सुनील पाटीदार, अशोक गंधर्व ,गोपाल सेन, श्यामलाल धनगर सहित किसान एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सीए इंस्टीट्यूट के चुनाव आज

**मन्दसौर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ( आईसीएआई ) के चुनाव हेतु मतदान मंदसौर में आज प्रात : 8 बजे से आयकर भवन मंदसौर पर होंगे । उपरोक्त जानकारी देते हुए सीए ब्रांच मंदसौर के चैयरमेन सीए दिनेश जैन ने बताया कि आईसीएआई के मध्य क्षेत्रीय परिषद जिसमें मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखण्ड, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, उत्तराखण्ड शामिल है के चुनाव तथा केन्द्रीय परिषद नई दिल्ली के लिये मतदान मंदसौर में आज होगा । केन्द्रीय परिषद की 6 सीटों के लिये 20 उम्मीदवार एवं मध्यभारत क्षेत्रीय परिषद की 12 सीटों के लिये 28 उम्मीदवार मैदान में है । मतदान प्रेफरेंशियल वोटिंग के अनुसार होगा । आपने सभी सीए साथियों से अपील की है कि प्रात : 8 बजे से रात्रि 8 बजे के मध्य उपस्थित होकर मतदान अवश्य करे ।

## लिलदा स्कूल के 65 बच्चो को निशुल्क स्वेटर वितरण किए

**नाहरगढ(मंदसौर)।** ग्राम पंचायत लिलदा के एकीकृत शासकीय माध्यमिक विधालय लिलदा में लायंस क्लब मंदसौर द्वारा 65 बच्चों को निशुल्क स्वेटर वितरण किया गया है जिसमें लायंस क्लब के सचिव सिद्धार्थ जैन, पूर्व सचिव श्री बग्गा , प्रेम देव पाटीदार, अमित जैन उपस्थित थे । दानदाता अनिल जैन के द्वारा पुज्य पिताजी की स्मृति मे दिया गया । आयोजन मे बाबुलाल शर्मा, मोहन सिंह, दिलीप सिंह, उम्मेद सिंह तथा जन शिक्षक प्रकाश दास बैरागी ,विधालय स्टाफ सदस्य प्रधान अध्यापक यूसुफ मोहम्मद , चेतन शर्मा ,श्रीमती पूजा पालीवाल, विनोद चौधरी ,जुझार लाल दहिया , दशरथ गोस्वामी की उपस्थिती मे हुआ। आयोजन का संचालन सेवानिवृत्त दिनेश पालीवाल ने किया । यह जानकारी युसूफ मोहम्मद ने दी है ।



### पत्थरों से दबाने में गंभीर घायल 12 वर्षीय

## जगदीश भांबी की झालावाड़ चिकित्सालय में मौत

**भानपुरा (लालचंद रुद्रवाल)।**

ग्राम गणेशपुरा में 12 वर्षीय जगदीश भांबी को मौत के घांट उतारनें की साजिश कर फरार हुए गांव के ही बदमाश प्रहलाद पुत्र गणपत भांबी को टीआई रमेशचंद दांगी के मार्गदर्शन में पुलिस थाना भानपुरा ने घटना के 5 दिन बाद म.प्र.व राजस्थान की सीमा पर गरोठ - भवानी मंडी के बीच स्थित कुरलासी रेल्वे स्टेशन के पास के जंगल से गिरफ्तार करने में कामयाबी हांसिल की । अनेक अपराधों में शामिल बदमाश प्रहलाद भांबी ने पुलिस को भानपुरा गरोठ कोटा सवाई माधोपुर जयपुर से लेकर जोधपुर अजमेर तक खूब छकाया। इसके पूर्व विगत एक दिसंबर से लेकर 6 दिसंबर की सुबह 7ः00 तक झालावाड़ के राजकीय चिकित्सालय की आईसीयू यूनिट में भर्ती 12 वर्षीय जगदीश पुत्र कारुलाल भांबी जिंदगी व मौत के बीच झूलता रहा अंततः गंभीर रूप से घायल किए गए 12 वर्षीय जगदीश जिन्दगी से जंग हर गया व उसकी दुखद मौंत हो गई।



गणेशपुरा अंतरालिया व अनेक गांवों के ग्रामीण जनों ने आरोपी की गिरफ्तारी तथा आरोपी का घर गिराने आदि अनेक मांगों को लेकर भानपुरा से लगभग 13 किलोमीटर दूर गरोठ भानपुरा रोड़ अंतरालिया फंटे की पानी की टंकी के पास मुख्य सड़क पर दोपहर 12ः00 बजे सैकड़ो की संख्या में एकत्रित होकर चक्का जाम कर दिया । इसको लेकर तहसीलदार भानपुरा विनोद कुमार शर्मा एवं थाना अधिकारी रमेशचंद दांगी व बड़ी संख्या में पुलिस बल ने चक्का जाम हटाने के लिए ग्रामीण जनों को समझाइश दी । परंतु ग्रामीण जन मानने को तैयार नहीं थे पुलिस ने आखिर में आरोपी को गिरफ्तार करने की जानकारी देते हुए वीडियो काल कर गिरफ्तारी की पुष्टि करवाई। ग्रामीण जन आरोपी के घर को गिरने की मांग कर घर के स्थान पर दाह-संस्कार करने के लिए अड़े रहे। टी आई श्री दांगी ने बताया कि यह अधिकार न्यायालय को है,पुलिस प्रशासन को नहीं है। श्री दांगी ने बताया कि झालावाड़ चिकित्सालय में पांच डॉक्टरों की टीम द्वारा मृतक का शव परीक्षण के बाद मृतक का शव 5 बजे बाद रवाना हुआ है जो लगभग शाम 6 बजे के आसपास मृतक का शव झालावाड़ से ग्राम गणेशपुरा पहुंचने वाला था ,समाचार लिखे जाने तक मृतक का शव गांव गणेशपुर नहीं पहुंचा था। उसी के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। आरोपी प्रहलाद भांबी के विरुद्ध हत्या की धारा 103 भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज किया जा रहा है। आरोपी से पूछताछ के बाद ही विस्तृत जानकारी व मामले का खुलासा हो सकेगा।

12 वर्षीय परिवार के इकलौते बेटे जगदीश भांबी की निर्मम तरीके से घायल करने के बाद में उसकी दुःखद मौंत होने से परिवार जन सहित क्षेत्र के हजारों ग्रामीण जनों में शोक की लहर व्याप्त है। 4 घंटे से अधिक समय चक्का जाम होने से परेशान होते रहे गरोठ भानपुरा मार्ग पर चलने वाले वाहन चालक इसके चलते उन्हें दुधाखेड़ी माताजी से अन्य मार्ग पर मार्ग परिवर्तित कर भेजा गया।

# एक साथ 7 विभागों के रहे मंत्री भारतसिंह का निधन, आज निकलेगी अंतिम यात्रा

## सीनियर नेता कभी बात नहीं काटते थे, कार्य कुशलता व ईमानदार नेतृत्व का हर कोई कायल था

**जावरा ।** रियासत के ठाकुर, कांग्रेस के कद्दावर नेता व प्रदेश के पूर्व गृह एवं उद्योग मंत्री भारतसिंह का रतलाम में शुक्रवार सुबह 80 साल की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और रतलाम में डायलिसीस करवा रहे थे। भारतसिंह का जन्म 8 जून 1944 को हुआ था। वे कांग्रेस के तत्कालीन सीएम अर्जुनसिंह और दिग्विजय सिंह के कार्यकाल में मंत्री रहे थे। एक साथ 7 विभागों के भारतसिंह मंत्री भी रह चुके हैं। वर्ष 1981 से 90 के दौर में जब मंत्री रहे तो शासन से लेकर प्रशासन में इनकी कार्य कुशलता व ईमानदार नेतृत्व का हर कोई कायल था। सीनियर नेता कभी इनकी बात नहीं काटते थे। पार्टी में केंद्रीय नेतृत्व तक अच्छी साख रखने वाले भारतसिंह जमीनी साथियों को भी बराबर महत्व देते रहे। अंतिम यात्रा आज शनिवार को उनके निवास स्थान गढ़ी से सुबह 10.30 बजे ईदगाह के पीछे पारिवारिक मुक्तिधाम जाएगी। जहां पुत्र कुंवर नीतिराजसिंह मुखाग्नि देंगे। इधर जानकारी मिलते ही कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत ने पूर्व मंत्री भारतसिंह को शोक संदेश के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। कुंवर भारतसिंह शुटिंग चैंपियन, फुटबॉल व हॉकी के उत्कृष्ट खिलाड़ी भी रहे हैं। उन्होने वर्ष



1973 में पार्षद का चुनाव जीता था। उसके अगले वर्ष 1974 में मंडी डायरेक्टर बने। फिर 1978 में युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष व 1980 में पहली बार विधायक मनोनित हुए। 1982 में खेल एवं युवक कल्याण व वन उपमंत्री तथा 1983 में गृह मंत्री रहे। वर्ष 1985 के दौर में तो एक तरह से आधा मंत्रालय इनके पास था। तब कैबिनेट में गृह एवं परिवहन मंत्री, जेल, उद्योग, श्रम, सहकारिता सहित 7 विभागों के मंत्री रहे। फिर 1998 में पार्टी के कहने पर सीतामऊ जाकर 28 हजार वोटों से जीते तत्कालीन विधायक नानालाल पाटीदार को हराकर एमएलए बने। जावरा में 24 वीं बटालियन की स्थापना से लेकर जिले के पहले नवोदय स्कुल की स्वीकृति इनके दौर में हुई थी।

### जावरा को खेल जगत में दिलाई पहचान

भारतसिंह की शुरूवात से ही हर धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व खेल संस्थाओं में काफी सक्रिय रहे। वर्ष 1982 में इंटर जोनल व 1987 में प्री एशिएन बॉस्केटबॉल स्पर्धा व 1988 में आल इंडिया लेवल टेबल टेनिस टूर्नामेंट तक करवाकर जावरा को खेल जगत में एक नई पहचान दिलाई।

# म.प्र.शिक्षक संघ ने बीआरसीसी हाड़ा का किया स्वागत

**जावरा ।** जनपद शिक्षा केंद्र जावरा में रिक्त पद पर नवागत विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जयेंद्रसिंह हाड़ा ने पद्भार ग्रहण किया। म.प्र. शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर स्वागत किया। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जावरा क्षेत्र में शिक्षा के विकास हेतु संघ हमेशा सहयोग करता रहेगा। प्रतिनिधि मंडल ने बीआरसीसी हाड़ा से विगत वर्षो के एफएलएन प्रशिक्षण की शेष राशि को शीघ्र ही शिक्षकों को भुगतान करवाने की मांग की। इस मौके पर शिक्षक संघ



के जगदीश उपमन्यु, जिला संगठन मंत्री बद्रीलाल मड़ोतीय, जिला उपाध्यक्ष बाबुलाल छाबड़ा, तहसील अध्यक्ष संजय द्विवेदी, तहसील सचिव सौरभ गुप्ता, ब्लाक सचिव दिनेश जायसवाल के साथ चरणसिंह चंद्रावत, राजेश भावसार, नीता शर्मा, यूनुस जिंदरान, महेश बैरागी, कैलाश वाक्तरिया, सुनील कोठने, मो.शफीक खान, दिनेश वर्मा, योगेश त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब के परिनिर्वाण दिवस पर दी श्रृद्धांजलि

**जावर ।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर अम्बेडकर कांशीराम विचार मंच द्वारा कोर्ट परिसर स्थित बगीचे में 69 वें परिनिर्वाण दिवस पर 69 कैंडल (मोमबत्ती) जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं कैंडल से 69 वीं आकृति बनाकर बाबा साहब को याद किया। इस मौके पर वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को प्रकट करते हुए बाबा साहब के बताए गए सिद्धांतों पर चलने की बात कही। इस मौके पर जगन्नाथ सूर्यवंशी, एडवोकेट प्रकाश



मतानिया, अमरलाल राठौर, प्रेमचंद गुजराती, दीपक परमार असावती, आशीष गुजराती, बालाराम दडिंग रिंगनोद, प्रकाश मालवीय, कमलेश सादाखेड़ी, सुनील राठौर लुहारी, कमलेश परमार, दीपक राठौर लुहारी, सुनील मतानिया आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रकाश सूर्यवंशी ने किया।

# आईएफएमएस पोर्टल पर त्रुटि सुधारने शिक्षकों ने दिया आवेदन

**जावरा।**

आईएफएमएस पोर्टल पर नियुक्ति दिनांक में सुधार करने के लिए संकुल केंद्र शासकीय काटजु हाई स्कुल के माध्यमिक शिक्षक एवं प्राथमिक शिक्षकों द्वारा सहायक संचालक ज्योति पटेल को आवेदन देते हुए निराकरण करने की मांग की।

शिक्षकों ने बताया कि आईएफएमएस पोर्टल पर नियुक्ति दिनांक में गडबड़ी होने के कारण अनेक शिक्षकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी एवं पेंशन सहित अन्य प्रकरणों का निराकरण नही हो पा रहा है। शीघ्र अतिशीघ्र आईएफएमएस पोर्टल पर नियुक्ति दिनांक सहीं करवाई जाए। इस मौके पर पुखराज यादव, राजु सोरठा, रूपसिंह वास्केल, मुकेश देवड़ा, कैलाश चंद कपासिया, अंजलि व्यास आदि शिक्षकगण उपस्थित थे।

## सरकारी स्कूल में चोरी चोर अजब-गजब, पुलिस को चेलेंज

**बड़वानी, (अशोक पंडित)।** वैसे तो चोर अक्सर सोना, चांदी, बर्तन या नगदी पर हाथ मारते हैं। लेकिन राजपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत भागसूर के मोरानी ग्राम के सरकारी स्कूल में धावा बोला। ज्ञात है कि सरकारी स्कूल में चोरों को क्या मिलेगा, टाट पट्टी, बोर्ड, रजिस्टर, सरकारी कागज के अलावा क्या मिलेंगे। लेकिन चोर ऊपरी छत से आकर नीचे रखी गैस की टंकी, चूल्हा ले गए। साथ ही ब्लेक बोर्ड पर खिल दिया कि आप हमें पकड़ नहीं सकते।

# ऐश्वर्या करेगी राज्य स्तरीय श्रीमद् भागवत गीता परीक्षा में प्रतिभागिता

**बड़वानी।** श्रीमद् भागवत गीता इस्कॉन मंदिर वृन्दावन द्वारा जिला स्तरीय परीक्षा 26 नवम्बर 2024 को आयोजित की गई थी। जिसमें बड़वानी जिले की ऐश्वर्या पिता पवन पाण्डे कक्षा 12वीं पैरामाउण्ट एकेडमी की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आगामी दिनों में उज्जैन में होने वाली राज्य स्तरीय श्रीमद् भागवत गीता परीक्षा में प्रतिभागी के रूप में उपस्थित होगी। इस उपलब्धि पर परिवारजनों ने हर्ष व्यक्त शुभकामनाएं दी।



मामला रतलाम जिला अस्पताल में विवाद का

# डॉक्टर के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट और विधायक सहित समर्थकों पर प्रोटेक्शन एक्ट में एफआईआर

## पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर सुनवाई करते हुए मामले किए दर्ज

**रतलाम।**

जिला अस्पताल में बीती रात सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार और ड्यूटी डॉ. चंद्रप्रतापसिंह राठौर के बीच विवाद के बाद रतलाम पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार की शिकायत पर डॉ. राठौर के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज हुआ है।

इधर डॉ. राठौर की शिकायत पर विधायक डोडियार सहित दिनेश माल, दीपक निनामा, भूरा लाल देवदा के खिलाफ डॉक्टर प्रोटेक्शन एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। रतलाम का जिला अस्पताल बीती रात से फिर सुर्खियों में है। उक्त घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बता दें इसके पूर्व सिविल सर्जन से मारपीट के मामले में रतलाम जिला अस्पताल काफी बदनाम रह चुका है।

बता दें कि गुरुवार रात सैलाना विधायक डोडियार अपने पीएसओ व दो अन्य लोगों के साथ जिला अस्पताल में परिचित मरीज को देखने गए थे। उसी दौरान ड्यूटी पर डॉ. राठौर थे। कक्ष क्रमांक 8 में विधायक ने जाकर पूछा ड्यूटी डॉक्टर कौन है? इसी सवाल पर डॉ. राठौर उभडक़ गए और कहा सुनी



इतनी बड़ी की बात गाली गलौच तक जा पहुंची। हॉस्पिटल के प्राइवेट गार्ड व जिला अस्पताल पुलिस चौकी के जवान भी पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों को शांत कराया। शुक्रवार को स्टेशन रोड पुलिस ने विधायक डोडियार की शिकायत पर ड्यूटी डॉ. राठौर के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 सहित अनुसूचित जाती एवं अनुसूचित जनजाती (नृशंसता निवारण) अधिनियम 1989 (संशोधन 2015) 3(1)(ध) में प्रकरण दर्ज किया है। इसी प्रकार डॉ. राठौर की शिकायत पर पुलिस ने विधायक डोडियार सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 132,296,351(2) एवं 3(5) सहित मप्र चिकित्सक सुरक्षा अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

### वायरल वीडियो की यह है कहानी

सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हुआ उसमें विधायक डोडियार डॉ. राठौर को बोल रहे है बुला किसको चौकी से बुलाएगा। ड्यूटी डॉ. राठौर आवेश में आकर मां की गाली देते हैं। तभी उनका पीएसओ कहता है आपने गाली क्यों बकी। तब फिर डॉक्टर कहता है कि इलाज कराने आए हो या दादागिरी कराने आए हो। तुम चारों में से बीमार कौन है? बताओं नहीं तो अभी थाने चलो। तब पुलिस चौकी से जवान पहुंचता है। विधायक कहता है मैं आदिवासी हूं इसने मुझे गाली दी है एफआईआर दर्ज करो। इसे गिरफ्तार करो।

---

जेंडर आधारित हिंसा के उन्मूलन हेतु

# रतलाम पुलिस द्वारा चलाया जा रहा जागरूकता अभियान, हम होंगे कामयाब

**रतलाम।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा जेंडर आधारित हिंसा के उन्मूलन के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से दिनांक 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक अभियान हम होंगे कामयाब एवं अभियान सृजन संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 06.12.24 को जागरूकता अभियान हम होंगे कामयाब के तहत गुरु तेग बहादुर एकेडमी में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया उक्त कार्यक्रम में बालक बालिकाओं से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा हानिकारक रूढ़िवादिता, सकारात्मक मर्दानगी के बारे में संवाद किया एवं बालक बालिकाओं को महिला व लड़कियों की सुरक्षा एवं सम्मान करने, जेंडर आधारित होने वाली हिंसा एवं उनसे बचाव, बाल विवाह से होने वाले नुकसान, पाक्सो संबंधित अपराध तथा सोशल मीडिया पर इंटरनेट के माध्यम से होने वाले साइबर फ्रॉड, साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट नशा मुक्ति के संबंध में, यातायात जागरूकता के संबंध में संवाद कर बालक बालिकाओं को जागरूक किया गया। आपातकालीन सेवा 100 डॉयल एवं चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, के बारे में जानकारी दी गई।

साथ ही रतलाम पुलिस द्वारा एक और नई पहल के तहत स्कूल मैं एक शिकायत एवं सुझाव पेटी लगाई गई तथा उसे पेटी के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष करके बच्चों के साथ होने वाली घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से बेटियों को शिकायत पेटियों का विकल्प दिया है जिसमें उनको बताया गया कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई शिकायत रहती है तो वह लिखकर उसे पेटी में डालें उनकी पहचान भी उजागर नहीं होगी गोपनीयता रखी जाएगी तथा प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी उन पेटियों का संचालन संबंधित थाने के ऊर्जा डेस्क की महिला अधिकारियों के द्वारा किया जाएगा उक्त कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा, प्रशिक्षु आईपीएस विक्रांत अहिरवार, डीएसपी ट्रैफिक अनिल राय, डीएसपी महिला सुरक्षा अजय सारवान, थाना प्रभारी महिला थाना श्रीमति पार्वती गौड़, थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र वी डी जोशी, श्री तेग बहादुर एकेडमी के अध्यक्ष गुरनाम सिंह डंग, सचिव अजीत छाबड़ा, प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह, प्राचार्य डॉ रेखा शास्त्री, शिक्षिका सीमा भाटी एवं स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

उक्त कार्यक्रम के पश्चात नाहर ग्लोबल स्कूल, जैन स्कूल, महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय स्कुल में बालिकाओ को उपरोक्त अभियान के संबंध में जानकारी दी गई व विद्यालय परिसर में शिकायत व सुझाव पेटी लगाई गई। साथ ही कालिका माता रतलाम में अतंराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन समिति रतलाम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हम होगे कामयाब व महिला हिंसा व उत्पीडन के संबंध में जागरुक किया गया। उक्त कार्यक्रम में रतलाम नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया, थाना प्रभारी डीडी नगर रविंद्र दंडोतिया थाना प्रभारी माणकचौक सुरेंद्र गडरिया, थाना प्रभारी अजाक श्रीमति लिलियन मालवीय एवं स्कूल के संचालक प्राचार्य व अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं तथा बच्चे उपस्थित रहे।

### परिजनों की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**रतलाम।** सोशल मीडीया पर बच्चों की पिटाई का एक विडीयो वायरल होने के बाद समुदाय विशेष के लोगों ने माणकचौक थाने पर जमकर हंगामा किया। हंगामे के चलते एएसपी राकेश खाखा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी भी थाने पर पंहुच गए। बाद में बच्चों के परिजनों की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सोशल मीडीया पर आज एक विडीयो वायरल हुआ। जिसमें तीन नाबालिग बच्चों की अन्य व्यक्तियों द्वारा पिटाई की जा रही है। विडीयो अमृतसागर क्षेत्र का था। इस विडीयो के वायरल होने के बाद समुदाय विशेष के लोग माणकचौक थाने पर पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। आक्रोशित लोगों की भीड हंगामा करने लगी। हंगामे की जानकारी मिलते ही एएसपी राकेश खाखा समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी थाने पर पहुंच गए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों से चर्चा कर दोषियों के विरुध्द प्रकरण दर्ज कर कडी कार्यवाही का आश्वासन दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ।

---

### बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के प्रतिमा पर शहर कांग्रेस द्वारा पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई



**रतलाम।** भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार, स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री, महान समाज सुधारक, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस 68 वीं पुण्यतिथि पर आज छत्री पुल स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर शहर कांग्रेस द्वारा पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, पूर्व विधायक पारस दादा, नेता प्रतिपक्ष शांतिलाल वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री यास्मीन शैरानी, कार्यवाहक अध्यक्ष फैय्याज मंसूरी, शैलेन्द्र सिंह अठाना, महामंत्री राजीव रावत, ब्लॉक अध्यक्ष बसंत पंड्या, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रवक्ता जोएब आरिफ, सुजीत उपाध्याय, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम चाहर, विजय उपाध्याय हितेश पेमाल, सचेतक आशा रावत, पार्षद वहीद शैरानी, नासिर कुरैशी, सलीम बागवान, रमेश शर्मा, ओ.पी. त्रिपाठी, प्रदीप राठोड, विशाल कण्डारे, भरत सेन, शाकिर खान, हरविंदर सिंह नांद्रा, राजकुमार जैन लाला, इक्का बैलूत, इकरार चौधरी, रुखसाना खान, हीना शेख, संजय खंडकर, हीरालाल परमार, युसूफ शाह, श्याम सुन्दर शर्मा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संवाद बैठक व जल सरंक्षण जागरूकता यात्रा निकालकर जनसहभागिता से जल संचयन के लिये बोरी बंधान किया गया

**रतलाम।** म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखण्ड सैलाना जिला रतलाम के द्वारा प्रस्फुटन ग्राम कांगसी में आदर्श ग्राम की परिकल्पना को साकार करने के लिये वृहद संवाद बैठक व जल सरंक्षण जागरूकता यात्रा निकाल जल संचयन के लिये बोरी बंधान किया गया तथा विकासखण्ड समन्वयकों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक व विकासखण्ड सैलाना के नवांकुर, मेंटर्स की बैठक ली गई।

ग्राम कांगसी को आदर्श ग्राम बनाने के लिये ग्राम में जल सरंक्षण, नशामुक्ति, पर्यावरण सरंक्षण, जैविक कृषि, जीरो बजट खेती, पशुसंवर्धन, जन प्रबंधन, पेसा एक्ट आदि विषयों पर कार्ययोजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी तथा ग्राम का बेस लाइन सर्वे प्रपत्र तैयार



कर कार्य करने चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभाग समन्वयक श्री शिवप्रसाद मालवीय, विशेष अतिथि जनपद पंचायत सैलाना अध्यक्ष श्रीमती कैलाशीबाई चारेल, जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, जनपद सदस्य प्रभुलाल, जनपद सदस्य सुभाष, पेसा एक्ट जिला समन्वयक दनेश वासुनिया, समाजसेवी गोंविद डामोर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत कांगसी सरपंच समरथ जी भाभर के द्वारा की गई।

श्री मालवीय ने कहा कि आदर्श ग्राम की परिकल्पना को साकार करने के लिये स्वैच्छिकता, सामूहिकता व स्वालंबन की महत्ती आवश्यकता है। ग्राम में बोरी बंधान से भूमिगत जल स्त्रोंतो के रिचार्ज में मदद मिलेगी और ग्राम का पानी ग्राम में ही रहेगा। पशु संवर्धन, जैविक खेती, जन जन की ग्राम विकास में सहभागिता पर जोर दिया। श्रीमती कैलाशीबाई चारेल ने कहा कि परिषद के द्वारा जन जागरूकता के कार्यक्रम निरंतर किये जाते रहते है जिससें ग्रामों में जनजागृति आ रही है। सरकार और समाज मिलकर ही विकास को साकार कर सकते है।

कार्यक्रम में विकासखण्ड समन्वयकों नवांकुर मेंटर्स की पृथक-पृथक समीक्षा बैठक संभाग समन्वयक द्वारा ली गई। संभाग कार्यालय से प्रभारी जिला समन्वयक प्रेमसिंह चौहान, परिषद के विकासखण्ड समन्वयक शैलेन्द्र सिंह सोंलकी, निर्मल अमलियार, मुकेश कटारिया, युवराज सिंह पंवार, रतनलाल चरपोटा, लेखापाल महावीरदास बैरागी उपस्थित रहे। स्वागत भाषण नवांकुर संस्था के समरथ भाभर ने दिया। नवांकुर संस्था के सचिन कहार, सुरेन्द्र जाट प्रस्फुटन समिति से मनोहर, समाजसेवी सतीश टांक तथा मेन्टर्स विक्रम शर्मा, सुखलाल निनामा, कलावती डोडियार, दिनेश गेहलोद, चरण सिंह एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन रतनलाल चरपोटा ने किया गया तथा आभार सचिन कहार द्वारा व्यक्त किया गया।





# गुलाबी गेंद टेस्ट का पहला दिन ऑस्ट्रेलिया के नाम

## स्टार्क और रेड्डी ने चमक बिखेरी, भारत 180 पर ऑलआउट, 94 रन की बढ़त बाकी

**एडिलेड (एजेंसी)। अनुभवी तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने गुलाबी गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए छह विकेट चटकाए जिससे भारत ने शुक्रवार को यहां दिन-रात्रि टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया को मैच में वापसी के लिए सभी सूत्र हाथ में दे दिए ।**

बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने एक विकेट पर 69 रन बनाकर स्थिति को नियंत्रण में रखा लेकिन अंत में टीम 180 रन पर ऑल आउट हो गई। नितीश रेड्डी (54 गेंदों पर 42 रन) ने टीम को 150 रन के पार पहुंचाया और निचले क्रम के साथ महत्वपूर्ण रन जोड़े। ऑस्ट्रेलिया ने स्टंप तक एक विकेट पर 86 रन बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया जिसमें मार्नस लाबुशेन (67 गेंदों पर 20 रन) और नाथन मैकस्वीनी (97 गेंदों पर 38 रन) शामिल थे। दिन भर परिस्थितियां बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण रहीं लेकिन पिच पर पर्याप्त रन थे। मेजबान टीम को उम्मीद है कि वह दूसरे दिन भारत के स्कोर को पार कर जाएगी, क्योंकि दिन के उजाले में बल्लेबाजी के लिए परिस्थितियां आसान होती हैं। टीम में अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे लैबुशेन ने एक बार फिर काफी समय लिया, खास तौर पर 19 गेंदें, लेकिन फिर रन बनाने के तरीके ढूंढ लिए। मैकस्वीनी को उनकी पारी की शुरुआत में ऋषभ पंत ने कैच कर लिया और उन्होंने विपक्षी टीम को निराश करने के लिए किस्मत का सहारा लिया। बर्थडे बॉय जसप्रीत बुमराह एक बार फिर सर्वश्रेष्ठ भारतीय गेंदबाज रहे और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की पारी में गिरने वाला एकमात्र विकेट लिया, उन्होंने उस्मान ख्वाजा को पहली स्लिप में खूबसूरत कैच देकर कैच कराया। भारतीय तेज गेंदबाज को शनिवार को साथी तेज गेंदबाजों से अधिक समर्थन की आवश्यकता होगी। दूसरे सत्र में, स्टार्क ने भारत के खिलाफ अपना पहला पांच विकेट लेने के लिए गुलाबी गेंद से कमाल दिखाया। चाय के समय मेहमान टीम के चार विकेट 82 रन पर समेटने के बाद, ऑस्ट्रेलिया ने डिनर ब्रेक से पहले 98 रन देकर शेष छह विकेट चटकाए। स्टार्क ने अपनी खास इनस्विंगर से आर अश्विन और हर्षित राणा को आउट किया, जबकि कमिंस ने शॉर्ट बॉल का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया। रोहित शर्मा (23 गेंदों पर 3 रन), छह साल बाद मध्यक्रम में बल्लेबाजी कर रहे थे, उन्हें बोलैंड ने एक गेंद पर कैच आउट किया, जो लेंथ से पीछे की ओर झुकी हुई थी।पंत (35 गेंदों पर 21 रन) ने कमिंस की तेज बाउंसर पर आउट होने से पहले अपना खास आक्रामक खेल दिखाया। रेड्डी, जिन्होंने पर्थ में अपने पदार्पण पर प्रभावित किया, ने आठवें नंबर के अश्विन (22 गेंदों पर 22 रन) के साथ मिलकर कुल स्कोर में बहुत जरूरी रन जोड़े, जिन्हें प्लेइंग इलेवन में वाशिंगटन सुंदर की जगह शामिल किया गया था। दूसरे छोर पर विकेट गिरते देख, रेड्डी ने अपने शॉट लगाए और इसमें स्टार्क और बोलैंड की गेंदों पर दो सनसनीखेज छक्के शामिल थे, जिससे कुल स्कोर 150 के पार चला गया। उन्होंने पहले स्टार्क की एक वाइड गेंद को एक्स्ट्रा कवर पर भेजा और फिर बोलैंड की गेंद पर रिवर्स स्कूपिंग करके स्लिप कॉर्डन के ऊपर से छक्का लगाया। चार गेंदों के बाद, रेड्डी ने बोलैंड की गेंद पर एक और छक्का लगाया। पहले सत्र में, स्टार्क ने समय पर झटके दिए, जिससे भारत ने चाय तक चार विकेट पर 82 रन बनाकर शानदार शुरुआत की। स्टार्क ने सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (64 गेंदों पर 37 रन) और विराट कोहली (8 गेंदों पर 7 रन) को जल्दी-जल्दी आउट करके ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में रुख मोड़ दिया। यह राहुल और शुभमन गिल (51 गेंदों पर 31 रन) के बीच 69 रनों की साझेदारी के बाद हुआ। भारत के लिए स्थिति तब और खराब हो गई जब बोलैंड ने गिल को स्टंप पर फुल बॉल पर पवेलियन भेज दिया। एक उल्लेखनीय मोड़ में, भारत ने अपने आखिरी तीन विकेट 12 रन पर गंवा दिए। भारत द्वारा अच्छी घास वाली पिच पर बल्लेबाजी करने के बाद यह मैच की नाटकीय शुरुआत थी। पर्थ में अपने पहले टेस्ट में यादगार पारी खेलने वाले यशस्वी जायसवाल पहली ही गेंद पर आउट हो गए, क्योंकि स्टार्क की फुल बॉल को उन्होंने मिस कर दिया, जो इतनी पीछे की ओर स्विंग हुई कि उन्हें लेग बिफोर विकेट करार दिया गया। अंगूठे की चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी कर रहे गिल ने पूरे आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी की, जबकि राहुल ने 21 गेंदें खेलने के बाद अपनी लय बदली। गिल के बल्ले से निकले पांच में से चार चौके स्टार्क की गेंद पर आए, जिसमें से एक ऑफ-ड्राइव और दूसरा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की गेंद पर कवर ड्राइव था। दूसरे छोर पर मौजूद राहुल बिना रन बनाए ही वापस लौट जाते, अगर बोलैंड अपने स्पेल की पहली गेंद पर ओवरस्टेप नहीं करते। लगातार ऑफ-स्टंप पर हमला करने के लिए मशहूर बोलैंड ने राहुल के बल्ले से हल्का बाहरी किनारा लिया। बल्लेबाज तुरंत चलता हुआ दिखाई दिया, लेकिन जल्द ही इसे नो बॉल करार दे दिया गया। भारत पहले सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने की ओर अग्रसर था, लेकिन स्टार्क ने लगातार ओवरों में राहुल और कोहली को शॉर्ट लेंथ गेंदों पर आउट कर दिया, जो बल्लेबाजों के ऊपर तेजी से उछलती हुई स्लिप में कैच आउट हो गईं। गिल इस सत्र में आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज थे, क्योंकि बोलैंड की गेंद पर फ्लिक करने के प्रयास में वह चूक गए और सामने की तरफ लपके गए।

**संक्षिप्त स्कोरः भारतः** 44.1 ओवर में 180 रन (नीतीश रेड्डी 42, केएल राहुल 37, शुभमन गिल 31; मिशेल स्टार्क 6/48)। **ऑस्ट्रेलियाः** 33 ओवर में 1 विकेट पर 86 रन (नाथन मैकस्वीनी 38 नाबाद, मार्नस लाबुशेन 20 नाबाद; जसप्रीत बुमराह 1/13)।



## जल्द ही आ रही है यो यो हनी सिंह की फेमस

फिल्म निर्माता मोजेज सिंह अपनी बहुप्रतीक्षित डॉक्यूमेंट्री यो यो हनी सिंह- फेमस की रिलीज के लिए तैयार हैं। हाल ही में मोज़ेज़ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रतिष्ठित रैपर यो यो हनी सिंह के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की, जिससे प्रशंसकों में गजब का उत्साह और एक्साइटमेंट पैदा हो गया है।अपनी पोस्ट में मोजेज ने कैप्शन दिया, दर्शक आपको देखने नहीं आते। वे स्वयं को देखने आते हैं। वह वे हैं। यो यो हनी सिंह- फेमस। जल्द आ रहा है । फैंस में यह घोषणा सुनकर उत्सुकता और भी बढ़ गई है, और वे बेसब्री से आधिकारिक रिलीज़ डेट की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं।

## ईशा अग्रवाल के लिए दोहरा जश्न



हिंदी फिल्म 'कहीं है मेरा प्यार' और मराठी फिल्म 'ज़ोल झाल' में अभिनय कर चुकी अभिनेत्री ईशा अग्रवाल ने हाल ही में थाईलैंड में डॉक्टरेट और इंडो एशियन एक्सीलेंस अवार्ड जीता है।महाराष्ट्र के एक छोटे से शहर से ताल्लुक रखने वाली ईशा ने अभिनय और मॉडलिंग के क्षेत्र में असाधारण सफलता हासिल की है। आर्ट और सोशल मीडिया मैनेजमेंट में डॉक्टरेट (पीएचडी) प्राप्त करने वाली ईशा ने कहा, मेरा डॉक्टरेट कन्वोकेशन समारोह मेरे लिए एक अविस्मरणीय दिन था। जिस दिन से मुझे इस समारोह के लिए निमंत्रण मिला, उसी दिन से में अपने नाम के साथ डॉ. जोड़ने के विचार मात्र से अति उत्साहित थी.। मेरे नाम की घोषणा ने मुझे पूरी तरह रोमांचित कर दिया और समारोह के दौरान मैं हर रोमांचक पल में डूबी रही!

## नोरा ने रिकॉर्डिंग सेशन का वीडियो साझा किया

ग्लोबल सनसनी नोरा फतेही ने अपने सोशल मीडिया पर एक नई रील साझा की है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय कलाकार सीके के साथ उनका सहयोग प्रदर्शित किया गया है। वीडियो में उनके गाने 'इट्स ट्रू' के निर्माण का झलक दिखाया गया है, जो पहले ही स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर जारी कर दिया गया है। इस रील में, नोरा को हिंदी में अपनी आवाज रिकॉर्ड करते हुए, ट्रैक पर वाइब करते हुए और सीके के साथ स्टूडियो में मैजिक बनाते हुए देखा जा सकता है। सोशल मीडिया पर रील साझा करते हुए, नोरा ने इसे कैप्शन किया- इट्स ट्रू माई बॉय सीके के साथ स्टूडियो में कुछ जादू बनाने पहुंचे! यह सहयोग एकदम फायर है.. हमारी सॉन्ग इट्स ट्रू' को सभी प्लेटफॉर्म्स पर स्ट्रीम कर रहें हैं आगे, वह रैपर करण औजला के साथ 'आये हाए' नाम की एक संगीत वीडियो के लिए सहयोग करने के लिए तैयार हैं।



राष्ट्रीय जनभावना

# रामनिवास रावत का मंत्री पद से इस्तीफा स्वीकार फिलहाल मुख्यमंत्री के पास रहेगा उनका विभाग

इंदौर। वन मंत्री रामनिवास रावत का त्यागपत्र राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने स्वीकार कर लिया है। विजयपुर विधानसभा के उपचुनाव में पराजित होने के बाद उन्होंने मतगणना के दिन 23 नवंबर की ही देर शाम मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव को त्यागपत्र भेज दिया था।



विदेश प्रवास से लौटने पर मुख्यमंत्री ने इसे स्वीकार करने की अनुशंसा राज्यपाल से की थी।

जब तक किसी मंत्री को इसका प्रभार नहीं दिया जाता है, तब तक विभाग मुख्यमंत्री के पास रहेगा।

## छह बार के विधायक थे रावत

छह बार कांग्रेस से विधायक रहे रामनिवास रावत ने लोकसभा चुनाव के समय भाजपा में शामिल हो गए थे। उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया और सचिवालय ने सीट रिक्त घोषित करके उपचुनाव कराने का प्रस्ताव भेज दिया।

आठ नवंबर, 2024 को उन्हें मंत्रिमंडल में बतौर कैबिनेट मंत्री शामिल किया गया। विधानसभा उपचुनाव में उन्हें कांग्रेस के मुकेश मल्होत्रा ने पराजित किया।

मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि जब तक मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं होता या फिर किसी मंत्री को वन विभाग का प्रभार सौंपने के आदेश नहीं होते तब तक विभाग मुख्यमंत्री के पास रहेगा।

## मुख्यमंत्री समेत मंत्रिमंडल में अब 31 मंत्री

रामनिवास रावत के त्यागपत्र के बाद अब मोहन मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों की संख्या 31 रह गई है। नियमानुसार 35 मंत्री बनाए जा सकते हैं। संभावना जताई जा रही है कि नए वर्ष में मोहन मंत्रिमंडल का विस्तार होगा, जिसमें क्षेत्रीय, जातीय और दलीय समीकरणों को देखते हुए नए चेहरों को मंत्रिमंडल में स्थान मिल सकता है।

# मंत्रियों की कमेटी तय करेगी नई आबकारी नीति

## देवड़ा, मंत्री उदय प्रताप, निर्मला भूरिया, राजपूत समिति में शामिल

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। इसमें कैबिनेट ने वर्ष 2025-26 के लिए आबकारी नीति के निर्धारण और आवश्यक नीतिगत निर्णयों के लिए एक मंत्रि-परिषद समिति का गठन किया। इस समिति में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री उदय प्रताप सिंह, निर्मला भूरिया के साथ ही इस बार मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को भी शामिल किया गया। यह समिति आबकारी नीति को फाइनल करेगी

गौरतलब है कि मप्र में आबकारी विभाग के अधिकारी नहीं आबकारी नीति का खाका तैयार कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश में एक बार फिर शराब दुकानों के बंद अहाते चालू करने की तैयारी की जा रही है। नई शराब नीति को लेकर जो प्रस्ताव तैयार किया है उसे कैबिनेट में रखने के बाद हरी झंडी मिली तो 2025-26 में शराब की दुकानें 10 फीसदी ज्यादा में नीलाम होंगी। प्रदेशभर में शराब दुकान के अहाते बंद होने से राजस्व का भारी नुकसान सरकार को हो रहा है।

### 10 फीसदी ज्यादा बढ़ेगी दर

नई शराब नीति को लेकर अफसरों ने आय बढ़ाने के जो सुझाव दिए हैं उसमें बताया गया है कि अगले साल शराब दुकानों की नीलामी 10 फीसदी ज्यादा में की जाए। इसके लिए उत्तर प्रदेश समेत तीन राज्यों की शराब नीति का अध्ययन मप्र शासन के आबकारी विभाग ने कर मसौदा तैयार किया है। दिसंबर में होने वाली बैठक में शराब नीति का प्रस्ताव रखा जाएगा, हरी झंडी मिलने के बाद नई शराब नीति 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। आबकारी अधिकारियों का कहना है कि यदि अहाते चालू होंगे तो शराब दुकान के सामने सडक़ पर लगने वाली भीड़ कम होगी जिससे आने जाने वाले को परेशान नहीं होना पड़ेगा पिछली सरकार ने अहाते बंद करा दिए थे।

### यूपी मॉडल पर आधारित नई शराब नीति

मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार शराब नीति का प्रस्ताव तैयार करने से पूर्व आबकारी विभाग के अधिकारियों की टीम ने यूपी के शराब मॉडल का अध्ययन किया। इसमें सामने आया कि यूपी में लॉटरी सिस्टम से शराब दुकानों का आवंटन न होता है। वहां शराब दुकानों की संख्या करीब 30,0177 है, जो मप्र के मुकाबले नौ गुना ज्यादा है। नई शराब नीति में उप्र की शराब नीति के महत्वपूर्ण बिंदुओं को भी शामिल किया गया है। मप्र में शराब दुकानों की कुल संख्या 3605 है। मप्र में ई-टेंडर के जरिए शराब दुकाने नीलाम होती है। देश में कर्नाटक के बाद मप्र में शराब की कीमत सबसे ज्यादा है। अधिकारियों का कहना है कि यदि राज्य सरकार शराब के यूपी के शराब नीति के मॉडल को अपनाती है, तो मप्र में शराब दुकानों की संख्या बेतहाशा बढ़ जाएगी। जबकि मप्र सरकार की नीति शराब दुकानों की संख्या में वृद्धि नहीं करने की रही है। प्रस्ताव में महाराष्ट्र और तमिलनाडु की शराब नीति के चुनिदा बिंदुओं को भी शामिल किया गया है। महाराष्ट्र में शराब के विक्रेता स्थाई है। वहां हर साल शराब दुकानों की बिक्री की एक निश्चित राशि बढ़ा दी जाती है। तमिलनाडु में शराब दुकानों का संचालन सरकार स्वयं करती है।

# कलेक्टरों के साथ सीएम करेंगे वीसी संवाद

इंदौर। मोहन सरकार के एक साल पूरे होने पर प्रदेश में जन कल्याण पर्व मनाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 8 दिसम्बर को शाम 6 बजे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को जन कल्याण उत्सव के संबंध में निर्देश देंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होने वाली बैठक में संभागायुक्त, आईजी, कलेक्टर, एसपी, मंत्रियों के अलावा जिलों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी शामिल होने के लिए कहा गया है। मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व के दौरान गरीब, युवा, किसान और महिलाओं को लेकर एक साल में किए गए कार्यक्रमों पर फोकस करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 11 दिसंबर को भोपाल एवं सभी जिलों में गीता जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार ग्वालियर में 15 से 19 दिसंबर तक तानसेन समारोह आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन कल्याण पर्व के आयोजन के लिए मंत्रियों की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समितियां बनाई हैं। किसानों के लिए गठित समिति का अध्यक्ष किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंसाना को बनाया गया है। युवाओं से जुड़ी समिति का अध्यक्ष नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को बनाया गया है। गरीब कल्याण से जुड़ी समिति का अध्यक्ष पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल को और महिलाओं से जुड़ी समिति का अध्यक्ष महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया को बनाया गया है। ये सभी मंत्री पूरे प्रदेश में कार्यक्रमों के संबंध में रूपरेखा तैयार कर उसका क्रियान्वयन कराएंगे।

## 11 से 26 दिसम्बर तक मनाया जाना है जन कल्याण पर्व

जन कल्याण उत्सव प्रदेश के सभी जिलों में 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक मनाया जाना है। मुख्यमंत्री डॉ यादव वीसी के माध्यम से एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर सभी जिलों में महिला, किसान, युवा और गरीब कल्याण सहित विकास से जुड़े अलग-अलग कार्यक्रमों के बारे में अफसरों को निर्देश देंगे।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव की कमान संभालेंगे मप्र के नेता

## कांग्रेस में टिकट बांटने से लेकर चुनाव प्रबंधन तक की रहेगी जिम्मेदारी

इंदौर। अगले वर्ष होने वाले दिल्ली विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस की कमान मध्य प्रदेश के नेता संभालेंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने टिकट वितरण से लेकर चुनाव की कार्ययोजना बनाने का दायित्व पार्टी ने प्रदेश के नेताओं को दिया है। टिकट के लिए नाम प्रस्तावित करने गठित स्क्रीनिंग कमेटी का अध्यक्ष पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन को बनाया है तो वार रूम की जिम्मेदारी पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह को दी गई है।

अभी हाल ही में हुए महाराष्ट्र, झारखंड और उसके पहले जम्मू कश्मीर व हरियाणा विधानसभा के चुनाव में मध्य प्रदेश के नेताओं को भेजा गया था। यहां प्रदेश के नेता सहयोगी की भूमिका में थे लेकिन दिल्ली विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदेश के नेताओं के ही हाथ में रहेगी। इसमें सबसे महत्वपूर्ण काम टिकट के लिए संभावित दावेदारों का गुण-दोष के आधार पर आकलन करके नाम प्रस्तावित करना है।



यह दायित्व पूर्व सांसद और संगठन में विभिन्न पदों पर काम कर चुकीं मीनाक्षी नटराजन को दिया गया है। उन्हें गांधी परिवार का भरोसेमंद माना जाता है। भारत जोड़ो यात्रा में वे पूरे राहुल गांधी के साथ रहीं। पार्टी ने उन्हें तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाकर भी भेजा था।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की राजनीतिक मामलों की समिति और कार्यकारी समिति की सदस्य हैं। निर्विवादित होने के कारण संगठन ने उन्हें प्रत्याशी चयन का काम दिया है।

### वार रूम का चेयरमैन प्रियव्रत सिंह

वहीं, कमल नाथ सरकार में मंत्री रहे प्रियव्रत सिंह को वार रूम का चेयरमैन बनाया गया है। उन्हें चुनाव लड़ने और लड़वाने दोनों का पर्याप्त अनुभव है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारी से लेकर प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष रह चुके हैं। पार्टी ने उन्हें अलग-अलग राज्यों के चुनावों में विभिन्न जिम्मेदारी दे चुकी है। चुनाव की रणनीति बनाने के साथ उसके अमल की पूरी जवाबदारी प्रियव्रत की होगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के मीडिया सलाहकार केके मिश्रा का कहना है कि पार्टी युवा नेतृत्व को आगे करने की दिशा में काम कर रही है। यही कारण है कि प्रदेश के दो युवा नेताओं को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई हैं।

दोनों को ही संगठन और चुनाव से जुड़े कामों का पर्याप्त अनुभव है। इसका लाभ चुनाव में मिलेगा। प्रदेश के युवा नेताओं पर संगठन को भरोसा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को गुजरात, उमंग सिंघार को झारखंड और कुणाल चौधरी को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अलग-अलग दायित्व देकर भेजा जा चुका है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com